लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

REGULAR DIALOGUE BETWEEN PUBLIC REPRESENTATIVES AND MEDICAL PROFESSIONALS MUST FOR PUBLIC HEALTH: LOK SABHA SPEAKER/जन स्वास्थ्य के लिए लोक प्रतिनिधियों और मेडिकल प्रोफेशनल्स में नियमित संवाद हो: लोक सभा अध्यक्ष

…

TAKING FORWARD ITS RICH HERITAGE, INDIA HAS MADE GREAT PROGRESS IN THE FIELD OF ALLOPATHIC MEDICINE AND SURGERY: LOK SABHA SPEAKER/अपनी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत ने एलोपैथिक चिकित्सा और सर्जरी के क्षेत्र में प्रगति की है: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIA’S HEALTHCARE SYSTEM IS PROVIDING AFFORDABLE AND ACCESSIBLE TREATMENT TO PEOPLE ACROSS WORLD: LOK SABHA SPEAKER/भारतीय हेल्थकेयर सिस्टम दुनिया भर के लोगों को सस्ता और सुलभ उपचार मुहैया करवा रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIAN DOCTORS ARE MOST SKILLED AND QUALIFIED DOCTORS IN WORLD: LOK SABHA SPEAKER/ भारतीय चिकित्सक दुनिया के सबसे कुशल और योग्य चिकित्सक: लोक सभा अध्यक्ष

…

LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES NATIONAL CONFERENCE AND CONVOCATION OF NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES/लोक सभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस) के राष्ट्रीय सम्मेलन एवं दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया

...

Jaipur 12 November 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed the National Convention and Convocation ceremony of the National Academy of Medical Sciences (NAMS) during his one-day visit to Jaipur today.

Speaking on the occasion, Shri Birla congratulated all members, office bearers and doctors associated with the Academy. Referring to its long history, Shri Birla said that NAMS is India's premier institute for promoting research and innovation in the field of medicine and has many highly experienced and trained doctors among its members. Shri Birla congratulated all the doctors who received fellowships and Membership in the Convocation ceremony.

Appreciating the work of the academy, Shri Birla said that this institute has encouraged innovative techniques, research and new and effective methods in the field of medicine and has done a remarkable job of developing empathy and spirit of service among doctors.

With reference to the intellectual strength and the hard work of Indian youth, Shri Birla said that Indian doctors are some of the world's most skilled and qualified professionals who are providing treatment in the some of the world's most renowned medical institutions and are at the forefront of new innovations in the medical field. He added that Indian doctors are known for their efficiency as well as service and dedication.

Referring to India's growing stature in the field of medical tourism in the world, Shri Birla said that Indian medical and healthcare system is providing affordable and accessible treatment to people across the world. Taking forward its rich heritage in traditional medicine, India has made great strides in the field of allopathic medicine and surgery.

Shri Birla urged the National Academy of Medical Sciences and other premier institutes to conduct effective research towards developing advanced medical facilities in remote rural areas of India. Emphasizing on the need for effective communication between public representatives and doctors, Shri Birla said that

institutions like NAMS should give necessary inputs to the public representatives on the direction of getting quality medical services in the villages of the country.

जयपुर 12 नवंबर 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अपने एक दिन के जयपुर प्रवास के दौरान राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस) के राष्ट्रीय सम्मेलन एवं दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने अकादमी से जुड़े सभी सदस्यों , पदाधिकारियों और चिकित्सकों को बधाई दी। अकादमी के लम्बे इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि अकादमी चिकित्सा के क्षेत्र में रिसर्च और इनोवैशन को बढ़ावा देने के लिए भारत का एक प्रमुख संस्थान है और अनुभवी तथा उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर्स इसके सदस्य हैं। श्री बिरला ने कार्यक्रम में फेलोशिप और मेम्बरशिप प्राप्त करने वाले सभी चिकित्सकों को बधाई दी।

श्री बिरला ने अकादमी के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने चिकित्सा क्षेत्र में नवीन तकनीकों , रिसर्च तथा नए और प्रभावी तरीकों को प्रोत्साहित किया है तथा चिकित्सकों में मानवीय संवेदना और सेवा भावना को विकसित करने का उल्लेखनीय कार्य किया है।

देश के युवाओं की बौद्धिक शक्ति एवं परिश्रम क्षमता के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि भारतीय चिकित्सक दुनिया के सबसे कुशल और योग्य चिकित्सक हैं तथा विश्व के सबसे विख्यात चिकित्सा संस्थानों में उपचार कर रहे हैं और मेडिकल क्षेत्र में नए इनोवेशन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय चिकित्सक अपनी कुशलता के साथ सेवाभाव और निष्ठा के कारण भी जाने जाते हैं।

विश्व में चिकित्सा पर्यटन (मेडिकल टूरिज़्म) के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारतीय चिकित्सक एवं हेल्थकेयर सिस्टम दुनिया भर के लोगों को सस्ता और सुलभ उपचार मुहैया करवा रहा है।श्री बिरला गर्व प्रकट करते हुए कहा कि पारंपरिक चिकित्सा में अपनी समृद्ध विरासत

को आगे बढ़ाते हुए भारत ने एलोपैथिक चिकित्सा और सर्जरी के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है।

बिरला ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी और अन्य प्रमुख संस्थानों से आग्रह किया कि भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत चिकित्सा सुविधा विकसित करने की दिशा में प्रभावी शोध करे। श्री बिरला ने जन प्रतिनिधियों और चिकित्सकों के बीच प्रभावी संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि NAMS जैसी संस्थायें देश के गांवो में प्रशिक्षित चिकित्सक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलने की दिशा में विचार मंथन कर जन प्रतिनिधियों को जरूरी इनपुट दे।